तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **अपील /एल आर/3782/2006/ जोधपुर** **नाराराम बनाम घूड़ाराम व अन्य**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17-01-19	**<u>एकल–पीठ</u>** **श्री धूकलराम कसवाँ, सदस्य** उपस्थित– श्री लादूराम पूनिया, अभिभाषक प्रार्थी श्री गुलाब सिंह चम्पावत, अभिभाषक अप्रार्थी **<u>आदेश</u>** उभय पक्ष के विद्वान अभिभाषकगण को अपील पर सुना गया। अभिभाषक अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कथन किया कि यह निगरानी नामान्तरकरण की कार्यवाही के तहत पेश की गई है। प्रार्थी द्वारा दावा घोषणा खातेदारी का अलग से प्रस्तुत किया था जो प्रार्थी के पक्ष में डिक्री हो गया है तथा प्रार्थी द्वारा चाहा गया अनुतोष प्राप्त हो गया है। इस आधार पर इस निगरानी को निस्तारित करना चाहते हैं। इसलिये उक्त आधार पर निगरानी का निस्तारण किया जावे। अभिभाषक प्रत्यर्थी ने अभिभाषक अपीलार्थी के कथनों का विरोध नहीं किया। हमने बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। यह निगरानी अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त जोधपुर के निर्णय दिनांक 25–5–2006 के विरूद्व प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी के कथनानुसार चूंकि मूल वाद का निर्णय हो चुका है। इसलिये मौजूदा प्रकरण प्रभावहीन हो चुका है। अतः यह अपील सारहीन होने से इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश खुले न्यायालय में सुनाया गया। **(धूकलराम कसवाँ)** **सदस्य**	